web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, बुधवार 27 फरवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-149

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मैं देश नहीं झुकने दूंगा:मोदी

**एयरस्ट्राइक के बाद पहली बार बोले पीएम**

चुरू (आरएनएस)। पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों पर किए गए एयर स्ट्राइक के बाद



पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने अलग ही अंदाज में इस स्ट्राइक का जिक्र किया। पुलवामा आतंकी हमले में शहीद 40 जवानों की तस्वीर से सजे मंच से बोलते हुए मोदी ने कहा, हम अपने देश के पराक्रमी वीरों को सिर झुकाकर नमन करते हैं। इस दौरान पीएम ने कहा कि वह अपने देश का सिर नहीं झुकने देंगे। पीएम मोदी ने कहा, मैं आज चुरू की धरती से आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि देश सुरक्षित हाथों में है। प्रधानमंत्री ने कहा, देश के निर्माण में लगे हर व्यक्ति को यह प्रधानसेवक नमन करता है। चुरू, सीकर के हजारों नौजवान राष्ट्ररक्षा में डटे हुए हैं इसलिए आपकी सेवा मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### किम के साथ बहुत सार्थक वार्ता की उम्मीदः ट्रंप

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के साथ दूसरे शिखर सम्मेलन में बहुत सार्थक वार्ता होने की उम्मीद है।

### कुपोषण की समस्या का समाधान मिशन मोड में : मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सरकार कुपोषण की समस्या के समाधान के लिए मिशन मोड में काम कर रही है । मोदी ने यहां राष्ट्पति भवन में गांधी शांति पुरस्कार समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि बचपन स्वस्थ होगा तो भारत स्वस्थ रहेगा। उन्होंने कहा कि इसकी सफलता के लिए जन भागीदारी जरुरी है। जनभागीदारी से शक्ति बढती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आजादी की लड़ाई को जनआन्दोलन बनाया था।

### दो से ज्यादा बच्चे वालों को टिकट न देने वाली याचिका अस्वीकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को दो से ज्यादा संतान वाले व्यक्ति को चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं देने का निर्देश देने की मांग करने वाली जनहित याचिका को स्वीकार करने से मना किया।

### सेंट्रो कार खाई में गिरी, दंपति की मौत

बागेश्वर (आरएनएस)। बालीघाट-धरमघर मोटर मार्ग पर रविवार की देर रात एक सेंट्रो कार गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में कार में सवार दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना के बाद रात में ही कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। उन्होंने गांव वालों की मदद से शवों को खाई से बाहर निकाला और इसकी सूचना मृतकों के परिवार वालों को दी। सूचना पर परिजन तथा अन्य रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए।

### स्वाइन फ्लू से दुर्ग में अब तक हुई 4 मौतें

दुर्ग (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में स्वाइन फ्लू से होने वाली मौतों का सिलसिला लगातार जारी है। स्वाइन फ्लू से होने वाली मौतों का आकड़ा 4 पहुंच गया है। इस बार स्वाइन फ्लू से विधानसभा क्षेत्र पाटन के कनाकोट गांव में मौत हुई है। कनाकोट गांव के रहने वाले 30 वर्षीय युवक की रायपुर के मेकाहारा में इलाज के दौरान मौत हो गई।

# भारतीय वायुसेना ने आतंकी ठिकानों पर बरसाए 1000 किलो के बम, 200 से ज्यादा आतंकी ढेर





## सर्जिकल स्ट्राइक 2.0








नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय वायुसेना ने सीमा पार छुपे बैठे जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों के खिलाफ बीती रात बड़ी कार्रवाई की है. पुलवामा हमले के बाद भारतीय वायुसेना के विमानों ने बीती रात नियंत्रण रेखा के पार आतंकी कैंप्स पर करीब 1000 किलोग्राम के बम बरसाए. इस हमले में करीब 200-300 आतंकियों और पाकिस्तानी सेना के पांच जवानों की मौत हो गई. इस हमले के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव बढ़ने की आशंका है, जिसे देखते हुए सीमा पर तैनात सभी सुरक्षाबलों को अलर्ट कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि पीएम मोदी ने नियंत्रण रेखा के पार पाकिस्तान के कब्जे वाले हिस्से पर हवाई हमले का आदेश दिया था. इसके बाद 26 फरवरी की रात करीब 3:30 बजे वायुसेना के 12 मिराज-2000 लड़ाकू विमानों ने आतंकियों के बेस कैंप पर हमला किया और उसे पूरी तरह तबाह कर दिया. पीएमओ से जुड़े सूत्रों ने बताया एनएसए अजित डोभाल ने पीएम मोदी को जैश के टेरर कैंप पर इस एयरस्ट्राइक का ब्योरा दिया.

### भारतीय वायुसेना ने ऐसे दिया इस हमले का अंजाम

सूत्रों ने बताया कि यह भारतीय थल सेना और एयरफोर्स का वेल कॉर्डिनेटेड हमला था. खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट एयरफोर्स से शेयर किये गए थे, जिसके बाद इस पिन पॉइंट ऑपरेशन को अंजाम दिया गया. यह ऑपरेशन बेहद गुप्त रखा गया था. देर रात ठीक 3:30 बजे वायुसेना के मिराज विमान पाकिस्तान के कब्जे वाले हिस्से में घुसे. उन्होंने पीओके स्थित बालाकोट और चकोटी में जैश के ठिकानों पर 1000 किलोग्राम के लेजर गाइडेड बम दागे. इस हमले में जैश का कंट्रोल रूम पूरी तरह तबाह हो गया और उसके करीब 200-300 आतंकी मारे गए.

इससे पहले पाकिस्तानी सेना ने आरोप लगाया गया था कि भारतीय वायुसेना ने नियंत्रण रेखा का उल्लंघन किया है. पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल आसिफ गफूर ने ट्वीट किया कि भारतीय वायु सेना के विमानों ने नियंत्रण रेखा का उल्लंघन करते हुए मुजफ्फराबाद सेक्टर में घुस आए. पाकिस्तान वायु सेना ने तुरंत कार्रवाई की. भारतीय विमान वापस चले गए. ज्ञात हो कि यह जगह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पड़ता है. ज्ञात हो कि जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी को हुए सीआरपीएफ के काफिले पर हुए आत्मघाती आतंकी हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे. इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान से संचालित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी. इस हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि इस हमले का करारा जवाब दिया जाएगा. इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि भारत ने इस हमले का बदला लेने के लिए अपने सुरक्षाबलों को खुली छूट दे दी है.

# भारतीय सेना के हमले में मसूद अजहर का साला भी मारा गया

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय वायु सेना ने मंगलवार को तड़के सीमापार पाकिस्तान स्थित बालाकोट में आतंकी गुट जैश ए मोहम्मद के ठिकाने को निशाना बनाया, जिसमें बड़ी संख्या में आतंकवादी, प्रशिक्षक, शीर्ष कमांडर और जिहादी मारे गए। मारे गए आतंकियों में जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर का रिश्तेदार (साला) यूसुफ अजहर शामिल है। भारत सरकार आतंकवाद रूपी बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।



विदेश सचिव ने यहां संवाददाताओं को बताया कि विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली थी कि 12 दिन पहले पुलवामा हमले को अंजाम देने के बाद जैश-ए-मोहम्मद भारत में एक और आत्मघाती आतंकी हमला करने की साजिश रच रहा है। उन्होंने कहा कि इस जानकारी के बाद सीमा के दूसरी ओर जैश-ए-मोहम्मद के सबसे बड़े आतंकी शिविर पर गैर-सैन्य एकतरफा हमले किए गए। गोखले ने बताया कि भारतीय वायु सेना के आज सुबह चलाये गए अभियान में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सबसे बड़े प्रशिक्षण शिविर को निशाना बनाया गया।

# अयोध्या विवाद को मध्यस्थता से सुलझाने की कोशिश

## पांच मार्च को महत्वपूर्ण आदेश जारी करेगा

नई दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद को मध्यस्थता के जरिए सुलझाने के प्रयास के तहत पांच मार्च को एक आदेश जारी करेगा।

मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने इस मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि वह आगामी पांच मार्च को आदेश जारी करेगा कि क्या यह विवाद अदालत से नियुक्त किसी मध्यस्थ के सुपुर्द किया जाए या नहीं। मध्यस्थता का मामला उस वक्त सामने आया जब संविधान पीठ के एक सदस्य न्यायमूर्ति एस. ए. बोबडे ने सभी पक्षों से पूछा कि क्या इस विवाद में मध्यस्थता की थोड़ी भी गुंजाइश बनती है।



न्यायालय ने कहा, यदि संबंधित पक्षों के बीच मध्यस्थता की एक प्रतिशत गुंजाइश बची हो तो हम एक मौका और देना चाहेंगे। न्यायालय के इस प्रस्ताव पर हालांकि रामलला की ओर से पेश वकील सी. एस. वैद्यनाथन ने यह कहते हुए इसका विरोध किया कि ऐसे प्रयास पहले भी असफल रहे हैं। एक अन्य हिन्दू पक्षकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने मध्यस्थता का विरोध किया।

### भारत के हवाई हमले के बाद पाकिस्तान ने 'आपात बैठक' बुलाई

इस्लामाबाद (आरएनएस)। भारत के नियंत्रण रेखा के पार हवाई हमले करने और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकी शिविरों को नष्ट करने के बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने मंगलवार को एक 'आपात बैठक' बुलाई है। बैठक में उच्च स्तरीय पदाधिकारियों के साथ सुरक्षा स्थिति पर चर्चा करने के बाद कुरैशी प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात करेंगे।



सूत्रों ने यहां बताया कि कुरैशी ने विचार-विमर्श के लिए विदेश कार्यालय में 'आपात बैठक' बुलाई है। नयी दिल्ली में सूत्रों ने बताया कि माना जा रहा है कि भारत ने मंगलवार को तड़के पाकिस्तान के अंदर हवाई हमला किया और आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। सूत्रों ने बताया कि भारतीय वायुसेना के विभिन्न लड़ाकू विमानों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बालाकोट में पाकिस्तान स्थित कई आतंकवादी समूहों के शिविरों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। इससे पूर्व पाकिस्तानी सेना ने आरोप लगाया था कि भारतीय वायुसेना ने मुजफ्फराबाद सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) का उल्लंघन किया है। सेना की मीडिया शाखा अंतर-सेवा जन संपर्क (आईएसपीआर) के महानिदेशक मेजर जनरल आसिफ गफूर ने ट्वीट किया है, ''भारतीय वायुसेना के विमान मुजफराबाद सेक्टर से घुसे।

### राहुल ने वायुसेना के पायलटों को किया सलाम

नयी दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने पाकिस्तानी सीमा में आतंकी शिविरों पर भारतीय वायुसेना द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर वायुसेना के पायलटों को सलाम किया। गांधी ने ट्वीट कर कहा, मैं वायुसेना के पायलटों को सलाम करता हूं। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा, च्वायु सेना के जाबाँज रणबांकुरों को नमन। नभः स्पृशं दीप्तम।

खबरों के मुताबिक, वायुसेना के मिराज लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तानी सीमा में घुसकर आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों पर बमबारी की।

### अमेरिका ने सोमालिया में किये हवाई हमले, 35 आतंकवादी ढेर

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका की अफ्रीकी कमान (अफ्रीकोम) ने सोमालिया के हिरन क्षेत्र में हवाई हमले करके अल-शबाब के 35 आतंकवादियों को मार गिराया है। अफ्रीकोम की सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, अमेरिकी सेना ने सोमालिया के हिरन क्षेत्र से लगभग 23 मील पूर्व में बेलेदवेयने में हवाई हमले किये। ये हवाई हमले आतंकवादी संगठन अल-शबाब को निशाना बनाकर किये गये। अल शबाब के आतंकवादी अपना ठिकाना बदल रहे थे। आकलन के अनुसार हवाई हमले में 35 आतंकवादी मारे गये। अफ्रीकोम के अनुसार इन हवाई हमलों में किसी भी आम नागरिक के मारे जाने या घायल होने की जानकारी नहीं है। अमेरिका ने सोमालिया की सेना को सहयोग प्रदान करते हुए ये हवाई हमले किये।

### डीटीसी बस और ट्रक की भिड़ंत, ड्राइवर की मौत, 15 सवारियां घायल

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के आईटीओ पर भीषण हादसा हो गया. सुबह करीब 3 बजे आईटीओ से गुजर रही बस में एक तेजरफ्तार ट्रक जा घुसा. जिससे ट्रक चालक केबिन के अंदर ही बुरी तरह फंस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई. जबकि डीटीसी बस में बैठी 15 सवारियां घायल हो गईं. घायलों को तत्काल एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया. चश्मदीदों के मुताबिक डीटीसी बस आनंद विहार से उत्तम नगर की ओर जा रही. तभी एक ट्रक ने आकर टक्कर मार दी. फिलहाल पुलिस ने डीटीसी बस और ट्रक को कब्जे में ले लिया है. वहीं घायलों के परिजनों को भी जानकारी दे दी गई है.

### पीओके में घुसे भारत के लड़ाकू विमानों से कोई नुकसान नहीं हुआ:पाक

इस्लामाबाद (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी को हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय एयरफोर्स ने पीओके में बड़ी कार्रवाई की है। भारत के लड़ाकू विमानों ने पीओके में घुसकर जैश के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है।

आज तड़के वायुसेना के मिराज विमानों ने पीओके के बालाकोट और चकोटी में जबर्दस्त बमबारी कर आतंकियों के ठिकाने तबाह किए। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई से परेशान पाकिस्तान लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। इस बीच पाकिस्तानी सेना ने आरोप लगाया गया है कि भारतीय वायुसेना ने नियंत्रण रेखा का उल्लंघन किया है। पाकिस्तान ने कहा जब पाकिस्तानी वायुसेना ने इसके खिलाफ कार्रवाई की तब भारतीय लड़ाकू विमान वापस लौट गए। उन्होंने साथ ही दावा किया कि वायुसेना के विमानों ने वापस लौटते हुए हड़बड़ी में खुली जमीन पर ही बम गिरा दिए, जिससे जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल आसिफ गफूर ने ट्वीट कर भारत पर यह आरोप लगाया है।



सूत्रों के हवाले से कहा है कि भारतीय वायुसेना के मिराज 2000 लड़ाकू विमानों ने सीमा पार आतंकी कैंपों पर हमला किया और उसे पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है।

गौरतलब है कि पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान ने क्राइसिस मैनेजमेंट सेल का गठन किया है। कहा जा रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ रहे तनाव के मद्देनज़र पाकिस्तान ने ऐसा किया है।

# जैश का आतंकी ठिकाना नष्ट, टॉप कमान्डर व कई ट्रेनर मारे गए

## भारतीय वायुसेना ने लिया पुलवामा हमले का बदला
## प्रधानमंत्री ने की उच्चास्तरीय बैठक

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय वायुसेना ने मंगलवार को सुबह 3.30 बजे पाकिस्तान के पीओके में जैश के ठिकानों व ट्रेनिंग कैम्पों पर हवाई हमला कर उन्हें लगभग नष्ट कर दिया है। इस हमलें में जैश के टॉप कमान्डर व बड़ी संख्या में ट्रेनरों के मारे जाने की संभावना है। भारतीय वायुसेना के आज पाकिस्तान में घुसकर आतंकी शिविरों पर हमलें के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक भी आयोजित की गई। आज शाम विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक का आयोजन भी रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी से राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति को अवगत कराया है। भारत ने अपने देश के रक्षा संस्थानों एयरपोर्ट सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिये हैं।

रात करीब साढ़े तीन बजे एक साथ 12 मिराज-2000 लड़ाकू विमानों ने आतंकियों के बड़े ठिकानों पर हमला किया और उसे पूरी तरह से तबाह कर दिया. जानकारी के अनुसार वायुसेना के विमानों ने मध्य रात्रि नियंत्रण रेखा के पार जैश के आतंकी कैंप पर करीब 1000 किलोग्राम के बम बरसाए. अभी तक की सूचना के मुताबिक दो से तीन सौ आतंकियों के मारे जाने की सूचना है.

पुलवामा आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है. पुलवामा का बदला लेने के लिए भारतीय वायु सेना ने एयर स्ट्राइक को अंजाम दिया है.